# वार्षिक प्रतिवेदन 2021–2022

## महाविद्यालय का संक्षिप्त परिचय

इस महाविद्यालय की स्थापना 1972 में दूबलधन तथा आस–पास के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्रदान करने हेतु की गई। सर्वप्रथम इस महाविद्यालय का नाम इन्दिरा गांधी महाविद्यालय रखा गया। प्रारम्भ में दानी लोगों की सहायता से यह संस्था सुचारू रूप से कार्य करती रही, परन्तु कालान्तर में आर्थिक संकट को ध्यान में रखते हुए सन् 1980 में क्षेत्रीय महापुरुषों के सहयोग से इस महाविद्यालय का सरकारीकरण हुआ तथा महाविद्यालय का नाम राजकीय महाविद्यालय, दूबलधन रखा गया। इस महाविद्यालय की संबद्धता महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक से है।

## विद्यार्थी संख्या एवं पाठ्य विषय

वर्तमान सत्र में इस महाविद्यालय में 495 विद्यार्थियों का प्रवेश ऑनलाइन किया गया। इनमें 127 विद्यार्थी अनुसूचित जाति तथा 79 विद्यार्थी पिछडी जाति से संबन्धित हैं। महाविद्यालय में कला संकाय की बी0 ए0 प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष की कक्षाएं हैं, जिनमें अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, इतिहास, राजनीति शास्त्र, भूगोल तथा अर्थशास्त्र विषयों के अध्ययन की व्यवस्था है।

## प्राध्यापक वर्ग

महाविद्यालय में 12 प्राध्यापक कार्यरत हैं। अंग्रेजी के दो, हिन्दी के दो, राजनीति शास्त्र का एक, इतिहास के दो, शारीरिक शिक्षा का एक, अर्थशास्त्र का एक, संस्कृत का एक तथा भूगोल के दो प्राध्यापक है। इसके अतिरिक्त भूगोल विषय में दो Extension Lecturers हैं।

इस सत्र में महाविद्यालय में आने वाले तथा सेवानिवृत्त स्टाफ–सदस्यों का विवरण इस प्रकार है :–

**(क) आगन्तुक स्टाफ सदस्य :**

1. श्रीमती रेनु कुमारी — संस्कृत प्राध्यापिका

## कार्यालय

महाविद्यालय में एक उप–अधीक्षक, एक सहायक तथा दो लिपिक के पद स्वीकृत हैं, जिनमें उप अधीक्षक के पद पर श्रीमती सुनील रानी कार्यरत हैं। लिपिक के पद पर श्री हरि कृष्ण लाल एवं कुमारी सोनी सैनी कार्यरत हैं। सहायक का एक तथा सुख सहायक के दो पद रिक्त है। इसके अतिरिक्त 01 चौकीदार श्री नरेश कुमार कार्यरत है।

## कोषाध्यक्ष

डॉ० रणदीप सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर (अंग्रेजी), महाविद्यालय के कोषाध्यक्ष हैं, जो पूर्ण निष्ठा एवं कुशलता से इस कार्य का निर्वहन कर रहे हैं ।

## विश्वविद्यालय–स्तरीय परीक्षा परिणाम 2020–2021

विश्वविद्यालय–स्तरीय महाविद्यालय के 2020–2021 परीक्षा परिणामों का विवरण इस प्रकार है :–

| कक्षा | कुल विद्यार्थी | उतीर्ण विद्यार्थी | महाविद्यालय पास % | विश्वविद्यालय पास % | अन्तर |
|---|---|---|---|---|---|
| बी.ए. 1 (सेमे.I) | 190 | 79 | 41.57 | 41.25 | +0.32 |
| बी.ए. 1 (सेमे.II) | 130 | 40 | 30.76 | 53.68 | -22.92 |
| बी.ए. 2 (सेमे.III) | 175 | 104 | 59.42 | 40.17 | +19.25 |
| बी.ए. 2 (सेमे.IV) | 144 | 42 | 29.57 | 56.24 | -26.67 |
| बी.ए. 3 (सेमे.V) | 121 | 49 | 40.49 | 52.92 | -12.43 |
| बी.ए. 3 (सेमे.VI) | 119 | 46 | 38.65 | 65.59 | -26.94 |

महाविद्यालय के बी0 ए0 सेमेस्टर I के एक विद्यार्थी ने, बी0 ए0 सेमेस्टर III के एक विद्यार्थी ने तथा बी0 ए0 सेमेस्टर V के नौ विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की योग्यता सूची में यथायोग्य स्थान प्राप्त करके महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।

## परीक्षाएं

महाविद्यालय में सेमेस्टर प्रणाली से परीक्षाओं का आयोजन सुचारू रूप से हो रहा है। इसके अतिरिक्त सभी विषयों में Class Test भी होते हैं।

## महाविद्यालय–पत्रिका

विद्यार्थियों की लेखन प्रतिभा तथा सृजनशीलता को मंच प्रदान करने हेतु महाविद्यालय पत्रिका 'सिकता' का प्रकाशन किया जाता है। वर्तमान सत्र में मुख्य सम्पादक डॉ0 सुमन देवी है। हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी और समाज विज्ञान अनुभागों के सम्पादक क्रमशः डॉ0 सरला देवी, डॉ0 सतेन्द्र कुमार तथा श्री राजेश कुमार हैं और योजना–विभाग के संपादक श्री आशीष हैं ।

## अनुदान राशि

महाविद्यालय को इस वर्ष प्राप्त सरकारी अनुदान राशि का विवरण इस प्रकार हैः–

1. महिला प्रकोष्ठ के लिए 20,000/– रुपये की अनुदान राशि प्राप्त हुई।
2. वार्षिक खेल–कूद के लिए 20,000/- रुपये की अनुदान राशि प्राप्त हुई।
3. Geog. Lab. के लिए 15,000/- रुपये की राशि प्राप्त हुई।
4. Library के लिए 3,00,000/- रुपये की राशि प्राप्त हुई।
5. Placement Cell के लिए 34,000/- रुपये की राशि प्राप्त हुई।

## पुस्तकालय

महाविद्यालय के पुस्तकालय में विभिन्न विषयों की 13784 पुस्तकें उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त 362 पुस्तकें बुक बैंक में हैं। 1417 पुस्तकें प्लेसमेंट प्रकोष्ठ में तथा 381 पुस्तकें महिला प्रकोष्ठ में हैं, जिनसे विद्यार्थियों को रोजगार सम्बन्धी तथा महिला–विषयक उपयोगी जानकारी उपलब्ध होती है। महाविद्यालय में प्रतिदिन समाचार–पत्र आते हैं तथा महत्त्वपूर्ण पत्रिकाएं आती हैं।

महाविद्यालय में पुस्तकालयाध्यक्ष का पद रिक्त है। Library Restorer के पद पर श्रीमती मनीषा Contract basis पर सेवारत हैं। पुस्तकालय सहायक (Library Attendent) के पद पर श्री नवीन कुमार कार्यरत हैं।

## छात्रवृत्तियां

इस सत्र में हरियाणा सरकार की ओर से अनुसूचित जाति के 108 विद्यार्थियों को 2,000/- रुपये प्रति विद्यार्थी पुस्तकों के लिए तथा 1,000/- रुपये प्रति माह प्रत्येक विद्यार्थी को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

हरियाणा स्टेट मेरिटोरियस इन्सैन्टिव स्कीम के अन्तर्गत महाविद्यालय के 2020–2021 के बी0ए0 III के 09 विद्यार्थियों को 30,000/-रुपये की छात्रवृत्ति दी गई। 'Under Graduate Girls Education Scheme' के अन्तर्गत बी0 ए0 I की 10 मेधावी छात्राओं को 30,000/–रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई तथा इसी स्कीम के अन्तर्गत सत्र 2018–2019 से 2021–2022 तक की 30 छात्राओं को 90,000/-रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

## हिंदी साहित्य परिषद

मातृभाषा एवं राजभाषा हिन्दी के गौरव व महत्त्व को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों में हिन्दी भाषा एवं उसके साहित्य के प्रति अभिरूचि जगाने व भाषायी दक्षता विकसित करने के उद्धेश्य से डॉ० सुमन, सहायक प्रोफेसर (हिन्दी) एवं डॉ० सरला सहायक प्रोफेसर (हिन्दी) के दिशा– निर्देशन में हिन्दी साहित्य परिषद् कार्यरत हैं।

दिनांक 13 जुलाई, 2021 को महाविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा राष्ट्रस्तरीय ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 'हिन्दी साहित्य का भक्ति काल' विषय पर करवाई गई, जिसमें महाविद्यालय की छात्रा कु० अंजली (बी०ए० I) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

दिनांक 14 सितम्बर, 2021 को 'हिन्दी दिवस' के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में हिन्दी पखवाड़ा मनाया गया। इसके अन्तर्गत विभिन्न ऑनलाइन प्रतियोगिताएं करवाई गई–

दिनांक 8 सितम्बर, 2021 को महाविद्यालय स्तर पर नारा लेखन प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें कु० पूजा (बी०ए० I) ने प्रथम स्थान, कु० संगीता (बी०ए० I) ने द्वितीय और कु० तरुणा (बी०ए० II) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

दिनांक 11 सितम्बर, 2021 को महाविद्यालय स्तर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें महाविद्यालय की छात्रा कु० निशा (बी०ए० II) ने प्रथम स्थान, कु०

सुमन (बी० ए० II) ने द्वितीय स्थान और कु० महक (बी० ए० I) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

दिनांक 14 सितम्बर, 2021 को राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें महाविद्यालय की छात्रा कु० निशा (बी०ए० II) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

दिनांक 25–26 नवम्बर, 2021 को महाविद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम के अर्न्तगत 'प्रतिभा खोज कार्यक्रम' में 'हिन्दी काव्य पाठ' में कु० निशा (बी०ए० III) ने प्रथम, कु० अंजलि (बी०ए० III) ने द्वितीय तथा कु० मीनाक्षी (बी०ए० I) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । 'हरियाणवी कविता पाठ' प्रतियोगिता में कु० अंजलि (बी०ए० III ) ने प्रथम , कु० मनीषा ( बी०ए० III) ने द्वितीय तथा कु० कोमल ( बी०ए० III) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

## संस्कृत साहित्य परिषद्

विद्यार्थियों में संस्कृत भाषा के प्रति अभिरूचि उत्पन्न करने, भाषागत दक्षता पैदा करने व उच्चारण की शुद्धता के उद्धेश्य से श्रीमती रेनु कुमारी, सहायक प्रोफेसर (संस्कृत) के दिशा निर्देशन में संस्कृत साहित्य परिषद कार्यरत हैं ।

दिनांक 26 नवम्बर, 2021 को प्रतिभा खोज कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में निशा रानी (बी०ए० III) ने प्रथम स्थान, मीनाक्षी (बी०ए० I) ने द्वितीय स्थान एवं बंटी (बी०ए० I) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

दिनांक 23 दिसंबर, 2021 को पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक में आयोजित क्षेत्रीय युवा समारोह में महाविद्यालय की छात्रा कु० मीनाक्षी (बी०ए० I) ने संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में सराहनीय प्रस्तुति दी ।

## अंग्रेजी साहित्य परिषद्

अंग्रेजी भाषा की उपयोगिता व महत्व को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषा व साहित्य के प्रति अभिरूचि जगाने व भाषायी दक्षता विकसित करने के उद्देश्य से डॉ० रणदीप सिंह सहायक प्रोफेसर (अंग्रेजी) एवं डॉ० सतेन्द्र कुमार, सहायक प्रोफेसर (अंग्रेजी) के दिशा – निर्देशन में अंग्रेजी साहित्य परिषद कार्यरत है ।

अंग्रेजी भाषा में विद्यार्थियों को पारंगत करने के लिए तीनों कक्षाओं में Book Reading की प्रतियोगिता करवाई गई । विद्यार्थियों के अंग्रेजी में शब्दकोष को उन्नत करने के लिए कक्षाओं में समानार्थक व विलोम शब्दों की प्रतियोगिताएं करवाई गई । विद्यार्थियों की अंग्रेजी भाषा की वर्तनी ठीक करने के लिए प्रतियोगिताएं करवाई गई । विद्यार्थियों के अंग्रेजी भाषा के व्याकरण के ज्ञान को उन्नत करने के लिए एकवचन बहुवचन की प्रतियोगिता करवाई गई । विद्यार्थियों को शुद्ध व प्रभावी अंग्रेजी बोलने का अभ्यास करवाने के लिए प्रतियोगिता करवाई गई ।

इस प्रकार विद्यार्थियों के अंग्रेजी भाषा सम्बन्धी स्तर में सुधार लाने का प्रयास किया गया ।

## भूगोल परिषद्

डॉ० सुमन सहायक प्रोफेसर (भूगोल) एवं डॉ० सोमवीर, सहायक प्रोफेसर (भूगोल) के दिशा – निर्देशन में भूगोल परिषद कार्यरत है ।

दिनांक 10 जुलाई, 2021 को महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा राष्ट्र स्तरीय ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें दयाल सिंह महाविद्यालय के कु० सुदर्शन प्रताप ( बी०ए० ) ने प्रथम स्थान, एच०एस० कुरूक्षेत्र से कु० अंजलि बाई (बी०ए०) ने द्वितीय स्थान एवं महाविद्यालय की छात्रा कु० निशा (बी०ए०) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## सांस्कृतिक गतिविधियाँ

विद्यार्जन के साथ–साथ विद्यार्थियों में सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रति रूचि उत्पन्न करने हेतु महाविद्यालय में डॉ० कर्मबीर, सहायक प्रोफेसर (राजनीति विज्ञान) के दिशा – निर्देशन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक बढ़ चढ़कर भाग लिया ।

दिनांक 26 नवम्बर, 2021 को महाविद्यालय में 'प्रतिभा खोज' कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्कृत, हिन्दी व हरियाणवी काव्यपाठ, गीत भजन, रागनी व समूह–गान, समूह नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।

दिनांक 23–24 दिसंबर, 2021 को पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक में आयोजित क्षेत्रीय युवा समारोह में हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया तथा शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता भी प्राप्त की । बी०ए० III की छात्रा कु० सुमन ने रंगोली में द्वितीय स्थान प्राप्त किया । बी०ए० II वर्ष के छात्र कु० अरुण ने फोटोग्राफी प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया । स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में महाविद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

दिनांक 27 मार्च, 2022 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में आयोजित अन्तर्क्षेत्रीय युवा समारोह में हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया । की बी०ए० III की छात्रा कु० सुमन ने रंगोली प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया । बी०ए० II के छात्र कु० अरुण ने फोटोग्राफी प्रतियोगिता में सराहनीय प्रदर्शन किया ।

## खेलकूद

डॉ० मयंक सहायक प्रोफेसर (शारीरिक शिक्षा) के कुशल निर्देशन में निम्नलिखित प्रतियोगिताएं संपन्न हुई।

दिनांक 8 फरवरी, 2022 को महाविद्यालय की 42 वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। उद्घाटन व समापन डॉ० मीनाक्षी गुप्ता प्राचार्या राजकीय महाविद्यालय दूबलधन द्वारा किया गया। विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। छात्रों में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी कु० सोमवीर (बी०ए० II) तथा छात्राओं में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी कु० हिना (बी०ए० I) रही।

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतः महाविद्यालय वार्षिक एथलेटिक मीट में हमारे 15 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें कु० देवव्रत (बी०ए० I) ने Triple Jump में रजत पदक प्राप्त किया, कु० नवीन (बी०ए० III) ने 110 meter Hurdle Race में रजत पदक प्राप्त किया और कु० अमित (बी०ए० I) ने Pole Vault में रजत पदक प्राप्त किया।

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतः महाविद्यालय Judo चौंपियनशिप में कु० अमित (बी०ए० III) ने भाग लिया और रजत पदक प्राप्त किया और अंतर विश्वविद्यालय के लिए चयनित किया हुआ।

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतः महाविद्यालय Wrestling चौंपियनशिप में कु० वर्षा (बी०ए० I ) ने भाग लिया और कांस्य पदक प्राप्त किया।

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतः महाविद्यालय Grappling चौंपियनशिप में कु० अमित (बी०ए० III) ने भाग लिया और रजत पदक प्राप्त किया।

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतः महाविद्यालय Jump Rope चौंपियनशिप में हमारे महाविद्यालय से 4 विद्यार्थियों की टीम ने भाग लिया और स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना

विद्यार्थियों में अनुशासन, सद्भावना, आपसी सहयोग, नेतृत्व, श्रम और सेवा भावना विकसित करने के लिए महाविद्यालय में 'राष्ट्रीय सेवा योजना' की दो यूनिट कार्यरत हैं। यूनिट I के प्रभारी डॉ० कर्मबीर गुलिया हैं तथा यूनिट II के प्रभारी डॉ० सुमन कुण्डु हैं। प्रभारियों के कुशल दिशा–निर्देशन में 'राष्ट्रीय सेवा योजना' के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियां करवाई गई जो निम्न प्रकार से हैं :–

दिनांक 19–25 अक्टूबर, 2021 तक चौ० रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय एन०एस०एस० शिविर में स्वयं सेवक कु० विक्रम (बी०ए० II ) ने भाग लिया।

दिनांक 25–31 अक्टूबर, 2021 तक महर्षि दयानंद विश्वविद्याल रोहतक में अयोजित 'यूथ लीडरशिप ट्रेनिंग कैंप' में के स्वयं सेवक कु० विक्रम (बी०ए० II) और कु० युद्धवीर ने (बी०ए० II) ने भाग लिया ।

दिनांक 16–22 नवम्बर, 2021 तक चौ० बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी में अयोजित राज्य स्तरीय एन०एस०एस० शिविर में स्वयं सेवक कु० हर्ष (बी०ए० II) ने भाग लिया और दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

दिनांक 17–23 नवम्बर, 2021 तक गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ( हिसार ) में अयोजित राज्य स्तरीय एन०एस०एस० शिविर में स्वयं सेवक कु० गौरव (बी०ए० III) ने भाग लिया।

**उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में–**

दिनांक 19–25 नवम्बर, 2021 तक महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय ( रोहतक ) में अयोजित एन०एस०एस० के 'राष्ट्रीय एकता शिविर' में स्वयं सेवक कु० विक्रम (बी०ए० II) ने भाग लिया।

दिनांक 15–21 दिसम्बर, 2021 तक भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय भुवनेश्वर (ओडिशा के सहयोग से) महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में अयोजित शिविर में स्वयं सेवक कु० हर्ष (बी०ए० II) ने भाग लिया ।

दिनांक 21–27 मार्च, 2022 तक उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में, चौ० चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय (बावल) में अयोजित एन०एस०एस० के 'राष्ट्रीय एकता शिविर' में स्वयं सेवक कु० हर्ष (बी०ए० II) ने भाग लिया और कार्यक्रम के दौरान होने वाली 100 मीटर की दौड़ में द्वितीय स्थान और 200 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

दिनांक 7 अप्रैल, 2022 को NSS Training College Attapalam (Kerala ) में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन Quiz and Survey में स्वयंसेवक कु० गौरव ( बी०ए० III ) ने भाग लिया।

दिनांक 25 दिसंबर, 2021 से राजकीय महाविद्यालय दूबलधन में N.S.S. यूनिट I और II के संयुक्त तत्वावधान में अयोजित शिविर के प्रथम दिन का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना और N.S.S. गीत के साथ हुआ । शिविर का आरंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० मीनाक्षी गुप्ता के निर्देशन में और यूनिट I के प्रभारी डॉ० कर्मबीर और यूनिट II की प्रभारी डॉ० सुमन के मार्गदर्शन में हुआ । उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में इंटरनेशनल बॉक्सर अमित पंघाल ने शिरकत की । अमित जी ने स्वयं सेवकों का उत्साह वर्धन करते हुए देश हित में अपने कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया । दोपहर बाद के सत्र में स्वयं सेवको ने महाविद्यालय प्रागंण की साफ सफाई का काम किया । राष्ट्र गीत के साथ प्रथम दिन का समापन किया गया ।

दिनांक 26 दिसंबर, 2021 को एन०एस०एस० शिविर का दूसरा दिन उत्साह के साथ शुरू हुआ । प्रातःकालीन सत्र के आरंभ मे स्वयं सेवकों ने एन०एस०एस० गीत के गाया उसके बाद महाविद्यालय प्रांगण में श्रमदान किया। दोपहर को सभी स्वयं सेवकों ने दोपहर का भोजन बनाया और खाया । दोपहर बाद के सत्र में स्वयं सेवकों द्वारा किए गए श्रमदान के दौरान इक्ट्ठे किए कूडे ढेरों का निपटारा किया गया । सायं कालीन सत्र में ने N.S.S. तालियों का अभ्यास किया । सांस्कृतिक कार्यक्रम और उसके बाद सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दूसरे दिन का समापन राष्ट्र गान और भारत माता की जय के नारों साथ हुआ ।

दिनांक 27 दिसंबर, 2021 को एन०एस०एस० कैंप के तीसरे दिन महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । प्राचार्या डॉ० मीनाक्षी गुप्ता के आदेशानुसार – इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी नेशनल हेडक्वार्टर रेड क्रॉस ( नई दिल्ली ) द्वारा एक सफल कैंप का आयोजन हुआ। रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जटेला धाम के महंत श्री राजेन्द्र दास, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दूबलधन के प्राचार्य डॉ०

संजीव खत्री तथा श्री कृष्ण गोयल व श्री जोगिन्द्र ( जोनी ) उपस्थित रहे । प्राचार्या डॉ० मीनाक्षी गुप्ता ने मुख्य अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया । इस अवसर पर 70 यूनिट रक्तदान किया गया । सभी स्वयं सेवकों ने शिविर में बढ़चढ़ कर भाग लिया और रक्तदान किया ।

दिनांक 28 दिसंबर, 2021 को एन०एस०एस० कैंप के चौथे दिन जिला ट्रैफिक पुलिस बहादुरगढ़ के इंचार्ज श्री सतीश कुमार व श्री सत्य प्रकाश ने स्वयं सेवको को ट्रैफिक संबंधी जानकारी दी । उसके बाद गांव दूबलधन के सामान्य अस्पताल की डॉ० वर्षा (ए०एम०ओ०) तथा डॉ० संदीप कुमार ने वत्स डायरिया जैसे रोगों से बचाव पर व्याख्यान दिया। दोपहर भोजन के बाद स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय में श्रमदान किया। सायं कालीन सत्र में स्वयंसेवको द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए और N.S.S. तालियों का अभ्यास किया गया।

दिनांक 29 दिसंबर, 2021 को N.S.S. शिविर में के पाँचवे दिन का आरंभ स्वयं सेवकों ने यौगिक क्रियाओं के साथ किया । सुबह के सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में कर्नल देवेन्द्र मोर ने स्वयं सेवकों को संबोधित किया । देवेन्द्र जी ने स्वयं सेवकों को रोजगार को केंद्र में रख कर तैयारी करने के लिए प्रेरित किया । उन्होंने बताया कि भिन्न – भिन्न क्षेत्रों में किस प्रकार की तैयारी के साथ आगे बढ़ा जा सकता है । साक्षात्कार के संबंध में होने वाली तैयारी के बारे में भी मोर सर ने स्वयं सेवकों को जानकारी दी । बाद में स्वयं सेवकों ने श्रम दान किया और सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया । दोपहर के भोजन के उपरांत स्वयं सेवकों ने माजरा ( दूबलधन) में स्थित आश्रम 'जटेला धाम' का दौरा किया । स्वयं सेवकों ने आश्रम में श्रमदान किया । आश्रम में स्वयंसेवकों को नितानंद जी के महान जीवन चरित को बताते हुए महान संतों की वाणियों को अपने जीवन में शामिल करके अपने चरित्र में निखार लाया जा सकता है । महाविद्यालय पहुंचकर स्वयं सेवकों ने राष्ट्र गान के साथ शिविर के पांचवें दिन का समापन किया ।

दिनांक 30 दिसंबर, 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात शिविर के छठे दिन प्रातःकालीन सत्र का उद्घाटन योगाभ्यास व N.S.S. गीत के साथ हुआ । इसके उपरांत महाविद्यालय में कार्यरत इतिहास विषय के सहायक प्रोफेसर श्री राजेश कुमार का व्याख्यान रहा । उन्होंने स्वयं सेवकों को इतिहास और हमारी प्राचीन चिकित्सा पद्धति के महत्व के संदर्भ में अवगत करवाया । इसके उपरांत स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय में श्रमदान किया । दोपहर का खाना ग्रहण करने के उपरांत दोनों यूनिटों के प्रभारियों के साथ स्वयं सेवकों ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का दौरा किया और वहां पर विद्यालय प्रांगण में स्वयं सेवकों द्वारा श्रमदान किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ० संजीव खत्री ने स्वयं सेवकों के इस कार्य का स्वागत किया । साथ ही उन्हें कोरोना से बचने और टीकाकरण के लिए भी प्रोत्साहित किया। महाविद्यालय पहुंचकर स्वयं सेवकों ने राष्ट्रगान के साथ शिविर के छठे दिन का समापन किया।

दिनांक 31 दिसंबर, 2021 को शिविर का समापन दिवस रहा । इस दिन महाविद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणवी कलाकार प्रोफेसर जगबीर राठी ( म०द०वि०) श्री सुनित मुखर्जी ( मास कम्युनिकेशन जर्नलिस्ट डिपार्टमेंट एम०डी०यू० )

नितिन त्रिखा, सौरभ वर्मा, दीपक लठवाल और प्राचार्य डॉ० संजीव खत्री ( रा०क०मा०वि०दू०) उपस्थित रहे । महाविद्यालय की प्राचार्या और सभी स्टाफ सदस्यों ने स्मृति चिह्न देकर अतिथियों का स्वागत किया । इस अवसर पर महाविद्यालय के स्वयंसेवकों के साथ – साथ राजकीय महाविद्यालय की छात्राएं व स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहें । सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति दी गई जो अति उत्साहवर्धक रहा । इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के सर्वोत्तम स्वयं सेवकों का चयन भी किया गया, जिनमें यूनिट II से सर्वोत्तम स्वयं सेविका कु० वंदना (बी०ए० III) और सर्वोत्तम स्वयं सेवक गौरव कुमार (बी०ए० II) को चुना गया । कार्यक्रम के समापन पर N.S.S. प्रभारी डॉ० कर्मबीर व डॉ० सुमन ने महाविद्यालय प्राचार्या के साथ सभी अतिथियों और स्टाफ सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## रेडक्रॉस एवं रेड रिबन क्लब

महाविद्यालय में रेडक्रॉस एवं रेड रिबन क्लब के प्रभारी डॉ० रणदीप सिंह, सहायक प्रोफेसर (अंग्रेजी) हैं ।

दिनांक 21–31 जुलाई, 2021 तक महाविद्यालय स्तर पर 'Covid Vaccination' विषय पर Online State Level Poster Making Competition का आयोजन किया गया ।

दिनांक 25 अगस्त, 2021 को 'HIV / AIDS जागरूकता' विषय पर महाविद्यालय में स्लोगन लेखन प्रतियोगिता करवाई गई एवं इसी विषय पर श्री सुभाष काउंसलर द्वारा व्याख्यान दिया गया ।

दिनांक 21 अक्टूबर, 2021 को रेड रिबन क्लब के प्रभारी डॉ० रणदीप सिंह ने दो विद्यार्थियों– निशा एवम् तरुणा ( बी०ए० III ) के साथ राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू झज्जर में एक दिवसीय प्रशिक्षण में भाग लिया ।

दिनांक 17 दिसंबर, 2021 को 'HIV/AIDS' विषय पर महाविद्यालय में स्लोगन लेखन प्रतियोगिता करवाई गई ।

दिनांक 18–12–2021 को महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई ।

दिनांक 20 दिसंबर, 2021 को निबन्ध लेखन प्रतियोगिता करवाई गई ।

दिनांक 13–15 दिसंबर, 2021 तक एस० डी० महाविद्यालय, अंबाला में अयोजित 26th State Ambulance प्रतियोगिता में कु० उत्तम (बी०ए० III), कु० साहिल ( बी०ए० III) एवं कु० संदीप (बी०ए० III) ने भाग लिया।

दिनांक 02 फरवरी, 2022 को रेडक्रॉस एवं रेड रिबन क्लब के प्रभारी डॉ० रणदीप सिंह को जिला रेडक्रॉस सोसायटी झज्जर के सचिव श्री प्रदीप हुड्डा ने उनके द्वारा कोविड पेनडमिक लॉक डाऊन 25 मार्च, 2020 से 31 मई, 2020 के दौरान निस्वार्थ भाव से की गई मानव सेवा के लिए प्रसंशा पत्र से सम्मानित किया ।

दिनांक 07 फरवरी, 2022 को श्री सुभाष काऊंसलर द्वारा विद्यार्थियों को 'HIV / AIDS' विषय पर व्याख्यान दिया गया एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता करवाई गई ।

## राष्ट्रीय कैडेट कोर

राष्ट्रीय कैडेट कोर के प्रभारी डॉ० सोमवीर सहायक प्रोफेसर (भूगोल) हैं।

दिनांक 26 अक्टूबर, 2021 को राजकीय महाविद्यालय दूबलधन में 1 हरियाणा बटालियन एन.सी.सी. के अंतर्गत बी०ए० I के 23 छात्रों का NCC कैडेट्स के रूप में चयन किया गया ।

दिनांक 11–22 नवम्बर, 2021 तक बी०ए० II के 17 व बी०ए० III के 11 कैडेट्स ने 1 हरियाणा बटालियन एन.सी.सी रोहतक द्वारा महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया । प्रशिक्षण शिविर के दौरान बी०ए० III के कैडेट गौतम ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

सत्र 2021–22 में राजकीय महाविद्यालय दुबलधन से बी०ए० II से 17 व बी०ए० तृ III से 11 कैडेट्स ने एन.सी.बी. प्रमाण पत्र व एन.सी.सी–सी प्रमाण पत्र के लिए 1 हरियाणा बटालियन एन.सी.सी. रोहतक द्वारा आयोजित परीक्षा उत्तीर्ण की।

दिनांक 22 अप्रैल, 2022 को एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा 'विश्व पृथ्वी दिवस' मनाया गया व पर्यावरण संरक्षण व पृथ्वी को हराभरा बनाने की दिशा में काम करते हुए महाविद्यालय प्रांगण में (गुलमोहर) के पौधे लगाये गये ।

## महिला प्रकोष्ठ

छात्राओं को सशक्त बनाने एवं उनमें आत्मविश्वास व जागृति उत्पन्न करने हेतु महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ कार्यरत हैं। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ० सरला देवी, सहायक प्रोफेसर (हिन्दी) के दिशा– निर्देशन में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया।

दिनांक 01–30 सितंबर, 2021 को 'पोषण–माह' के रूप में मनाया गया । इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय दूबलधन, झज्जर में महिला–प्रकोष्ठ के तत्वावधान में निम्नलिखित संपन्न हुई।

दिनांक 14 सितंबर, 2021 को महाविद्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया गया एवं उसे 'पोषण वाटिका' के रूप में स्थापित किया गया । प्राचार्या डॉ० मीनाक्षी गुप्ता ने कहा कि प्रकृति हमारे जीवन का आधार है । हमें पेड़–पौधे अधिक से अधिक लगाकर उचित देख–रेख करते हुए प्रकृति की शान को बढ़ाना चाहिए ।

दिनांक 18 सितंबर, 2021 को शारीरिक शिक्षा के प्राध्यापक डॉ० मयंक के द्वारा योगाभ्यास करवाया गया जिसमें प्राचार्या समेत सभी प्राध्यापकगण उपस्थित रहें । प्राचार्या डॉ० मीनाक्षी गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि योग करने से शरीर में स्फूर्ति का संचार एवं मानसिक एकाग्रता बढ़ती है और कहा कि हमें रोग मुक्त रहना है तो प्रतिदिन योगाभ्यास करना चाहिए ।

दिनांक 28 सितंबर, 2021 को 'पोषण–माह' कार्यक्रम की श्रृंखला में छात्राओं को संतुलित आहार लेने के प्रति जागरूक करने के लिए डॉ० विनती मेडिकल ऑफिसर, CHC दूबलधन का विस्तृत व्याख्यान करवाया गया । उन्होंने कहा कि भोजन में पौष्टिक तत्वों

का होना अत्यंत आवश्यक है । इसी से हमारा शारीरिक विकास भी होगा और हमारा जीवन स्वस्थ बनेगा।

दिनांक 21–22 अक्टूबर, 2021 को राजकीय महाविद्यालय दूबलधन में महिला–प्रकोष्ठ के तत्वावधान से दो दिवसीय 'ब्यूटी पार्लर कार्यशाला' का आयोजन किया गया । कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्या डॉ० मीनाक्षी गुप्ता ने किया । उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ – साथ पाठ्य सहगामी क्रियाओं में भी भाग लेना चाहिए । कार्यशाला में ब्यूटीशियन श्रीमती मनीषा ने छात्राओं को प्रथम दिन मैनीक्योर, पैडीक्योर, नेल – आर्ट, Hair Cutting, Saree draping सिखाई । कार्यशाला के दूसरे दिन Bleach, facial, Bridal Make-UP और Waxing सिखाई । इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी डॉ० सरला ने छात्राओं को बालों की समस्याओं के समाधान हेतु बताया कि बालों में सप्ताह में एक बार अवश्य तेल लगाएं और डैंड्रफ से बचाव के लिए नींबू, दही का प्रयोग करें । कार्यक्रम के समापन पर महाविद्यालय की प्राचार्या ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें पढ़ाई के साथ – साथ अन्य रोजगारपरक कार्य भी सीखने चाहिए। जिससे आत्मनिर्भर बनकर ठीक ढंग से निर्वाह कर सके । इस कार्यशाला में लगभग 90 छात्राओं ने भाग लिया ।

दिनांक 23 अक्टूबर, 2021 को राजकीय महाविद्यालय दूबलधन, झज्जर में महिला–प्रकोष्ठ तत्वावधान से 'मेहंदी प्रतियोगिता' आयोजित की गई । कार्यकारी प्राचार्य डॉ० रणदीप ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया । इस प्रतियोगिता में 12 विद्यार्थियों ने भाग लिया ।

दिनांक 13 दिसम्बर, 2021 को राजकीय महाविद्यालय दूबलधन, में महिला–प्रकोष्ठ के तत्वावधान से महाविद्यालय की छात्राओं को कानूनी जागरुकता ( अधिकार एवं कर्तव्य ) का बोध करवाने के लिए डॉ० स्वीटी, असिस्टेंट प्रोफेसर, कानून विभाग, चौधरी छोटू राम महाविद्यालय, रोहतक का व्याख्यान करवाया गया । उन्होंने 'Women Rights Against Harrasment' और 'Over all Legal Awareness' विषय पर छात्राओं को विस्तारपूर्वक समझाया । उन्होंने अपने विषय में महिला सशक्तिकरण, महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या, बाल– विवाह व दहेज – प्रथा जैसी सामाजिक समस्याओं को शामिल करते हुए विस्तृत रूप से उनके बारे में बताया । महाविद्यालय प्राचार्या डॉ० मीनाक्षी गुप्ता ने डॉ० स्वीटी का धन्यवाद करते हुए छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अनपढ़ता और अज्ञानता के कारण उन्हें अपने अधिकारों से वंचित होना पड़ सकता है। इसलिए शिक्षित और जागरूक होना अत्यावश्यक है । इस व्याख्यान में लगभग 85 छात्राएं उपस्थित रही ।

## प्लेसमेंट सैल

श्री राजेश कुमार सहायक प्रोफेसर (इतिहास) के दिशा – निर्देशन में प्लेसमेंट प्रकोष्ठ कार्यरत है ।

दिनांक 04–05 अप्रैल, 2022 को राजकीय महाविद्यालय दूबलधन में विद्यार्थियों के लिए Personality Development, Reasoning, Group Discussion, Interview इत्यादि विषयों पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिससे विद्यार्थी काफी लाभान्वित हुए ।

दिनांक 11–12 मई, 2022 को आई०सी०आई०सी०आई० बैंक एवं NIIT के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 05 छात्रों का रोजगार के लिए चयन किया गया।

## सूचना का अधिकार

निदेशक, उच्चतर शिक्षा, हरियाणा द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार महाविद्यालय में सूचना का अधिकार ( RTI ) प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है ।

प्राचार्या डॉ० मीनाक्षी गुप्ता इस महाविद्यालय की प्रथम प्राधिकरण अधिकारी है।

डॉ० रणदीप सिंह, सहायक प्रोफेसर ( अंग्रेजी ) इस प्रकोष्ठ के राज्य जन सूचना अधिकारी है।

डॉ० मयंक, सहायक प्रोफेसर ( शारीरिक शिक्षा ) इस प्रकोष्ठ के सहायक राज्य जन सूचना अधिकारी हैं ।

इस प्रकोष्ठ ने 'सूचना का अधिकार अधिनियम–2005' के तहत मांगी गई विविध सूचनाओं को त्वरित गति से उपलब्ध करवाया । श्री तरूण (Computer Instructor) ने इस कार्य में सहयोग दिया।

## EDUSAT & SOFT SKILLS

महाविद्यालय में Edusat प्रणाली व Soft Skills के संयोजक श्री आशीष, सहायक प्रोफेसर (अर्थशास्त्र) हैं।

## Computer Education

सत्र 2021–2022 में निदेशक, उच्चतर शिक्षा, हरियाणा के आदेशानुसार महाविद्यालय में बी०ए०I के विद्यार्थियों को Computer Education विषय (Theory and Practical) कक्षाओं में पढ़ाया जा रहा है। Computer Instructor के पद पर श्री तरुण कुमार अग्रवाल कार्यरत हैं तथा Attendant के पद पर श्रीमती पूनम कार्यरत हैं। महाविद्यालय में कुल 50 कम्प्यूटर, 02 बड़े UPS System व 04 Printers हैं।

Computer Education का कार्य प्रभारी डॉ० सुमन सहायक प्रोफेसर (भूगोल) के दिशा–निर्देशन में सुचारू रूप से चल रहा हैं। दो कक्षों को कम्प्यूटर प्रयोगशाला के रूप में सुनियोजित किया गया है, जिनमें Internet की सुविधा उपलब्ध है।

## अन्य गतिविधियां

दिनांक 15 अगस्त, 2021 को महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्या महोदया डॉ० मीनाक्षी गुप्ता व सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। एन०सी०सी० कैडेट्स ने तिरंगे झंडे को सलामी दी।

दिनांक 31 अक्टूबर, 2021 को महाविद्यालय में 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मनाया गया।

दिनांक 25 नवंबर, 2021 को महाविद्यालय में झंडा दिवस मनाया गया।

दिनांक 26 नवंबर, 2021 को महाविद्यालय में 'संविधान दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ० कर्मबीर ने संविधान में लिखित अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया।

दिनांक 26 जनवरी, 2022 को महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया गया इस अवसर पर प्राचार्या महोदया डॉ० मीनाक्षी गुप्ता ने देश पर अपना बलिदान देने वाले वीर शहीदों को याद किया। सभी स्टाफ सदस्यों व एनसीसी कैडेट्स ने तिरंगे झंडे को सलामी दी।

## व्यक्तिगत उपलब्धियाँ

**डॉ0 कर्मबीर, सहायक प्रोफेसर (राजनीति विज्ञान) ने–**

1. दिनांक 19–25 अक्टूबर, 2021 को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय एन०एस०एस० कैंप में बतौर एन०एस०एस० Programme Officer भाग लिया।
2. दिनांक 19–25 नवबंर, 2021 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा National Integration Camp में बतौर एन०एस०एस० Programme Officer भाग लिया।
3. दिनांक 18–23 अक्टूबर, 2021 तक Centre for Advance Study in International Humaritarian Law (CASH) द्वारा 'Interfaith and International Humaritarian Law' विषय पर आयोजित ऑनलाइन साप्ताहिक Multidisciplinary कार्यशाला में प्रतिभागिता की ।
4. दिनांक 19–20 फरवरी, 2022 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के राजनीति विभाग द्वारा "Public Policy, Insitutional Changes and People's Movement for Good Governance" राष्ट्रीय स्तरीय सेमिनार में 'Social Movement and Public Policies in India' विषय पर में शोध–पत्र प्रस्तुत किया ।

**डॉ0 रणदीप सिंह, सहायक प्रोफेसर (अंग्रेजी) ने –**

1. 20 मार्च, 2022 को स्वामी नितानन्द वाणी – प्रसार समिति जटेला धाम, माजरा (दूबलधन ) झज्जर द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध– पत्र प्रस्तुत किया ।
2. मई 2022 में रिसर्च जर्नल Journal NX (A Multidisciplinary Peer Reviewsed Journal) में 'A Brief Study of Ernest Hemingway's The OLD MAN AND THE SEA विषय पर शोध – पत्र प्रकाशित हुआ।
3. दिनांक 02 फरवरी, 2022 को रेडक्रॉस एवं रेड रिबन क्लब के प्रभारी डॉ० रणदीप सिंह को जिला रेडक्रॉस सोसायटी झज्जर के सचिव श्री प्रदीप हुड्डा ने उनके द्वारा कोविड पेनडमिक लॉक डाउन 25.03.2020 से 31.05. 2020 के दौरान निस्वार्थ भाव से की गई मानव सेवा के लिए प्रसंशा पत्र से सम्मानित किया ।

**श्री राजेश कुमार, सहायक प्रोफेसर (इतिहास) ने –**

1. दिनांक 12 फरवरी, 2022 को पं. नेकीराम शर्मा स्नातकोत्तर राजकीय महाविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में ''भारतीय विदेश–नीति निर्धारण में कश्मीर समस्या की भूमिका'' विषय पर शोध –पत्र प्रस्तुत किया।
2. दिनांक 10–11 अप्रैल, 2021 को स्वामी नितानंद वाणी प्रचार–प्रसार समिति, जटेला धाम, माजरा द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में ''संत कबीर दास और रविदास के सामाजिक विचारों का तुलनात्मक अध्ययन ''विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया।
3. दिनांक 22 अक्टूबर, 2021 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणगढ़, अम्बाला द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में ''संत तुलसीदास के काव्य में सामाजिक एवं मानवीय मूल्य'' विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया।

**श्रीमती रेनु कुमारी, सहायक प्रोफेसर ( संस्कृत )** ने–

1. दिनांक 24 दिसंबर, 2021 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में संस्कृत, पालि एवं प्राकृत विभाग द्वारा ''भगवद्गीता आधुनिक समय में प्रेरक तत्व के रूप'' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में 'श्रीमद्भगवद्गीताः विद्यार्थी जीवन के लिए प्रेरक तत्व' विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया।
2. दिनांक 20 मार्च, 2022 को स्वामी नितानन्द वाणी प्रचार – प्रसार समिति , जटेला धाम, माजरा ( दूबलधन ), झज्जर द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'सन्तों की भाषिक भंगिमा' विषय पर शोध – पत्र प्रस्तुत किया ।
3. दिनांक 11 फरवरी, 2022 को सर छोटूराम राजकीय महिला महाविद्यालय में Placement cell के अन्तर्गत को 'स्नातक के बाद संस्कृत भाषा में रोजगार संभवानाए' विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया।
4. दिनांक 20 मई, 2022 को संस्कृत विभाग, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक तथा भारत प्रज्ञाप्रतिष्ठानम्, नवदेहली के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित ऑनलाईन संगोष्ठी में प्रतिभागिता की ।

**श्री आशीष सहायक, प्रोफेसर (अर्थशास्त्र) ने–**

1. दिनांक 11–13 अप्रैल, 2022 को IIT रुड़की उत्तराखंड के मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभाग द्वारा श्रम अर्थशास्त्र के भारतीय समाज के 62 वें श्रम अर्थशास्त्र सम्मेलन में भाग लिया।
2. जनवरी– जून, 2021 में Indian Journal of Economics में " Public Purpose and Land Acquisition : Misuse in Haryana " विषय पर शोध – पत्र प्रकाशित हुआ ।

**श्री अमित कुमार, सहायक प्रोफेसर (इतिहास) ने –**

1. दिनांक 01 फरवरी, 2022 से 02 मार्च, 2022 तक भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां द्वारा आयोजित Faculty induction program में सक्रिय सहभागिता की और A ग्रेड प्राप्त किया।
2. दिनांक 20 मार्च, 2022 को स्वामी नितानंद वाणी प्रचार–प्रसार समिति, जटेला धाम, माजरा द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में ''संत कबीर दास का सामाजिक दर्शन एवं उसकी वर्तमान में प्रासंगिकता'' विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया।

**डॉ0 सुमन देवी, सहायक प्रोफेसर ( हिन्दी ) ने –**

1. दिनांक 20 नवम्बर से 04 दिसम्बर, 2021 तक रामानुज महाविद्यालय दिल्ली द्वारा संचालित 'हिंदी भाषा और साहित्य' विषय पर द्विसाप्ताहिक ऑनलाइन पुनश्चर्या कोर्स सफलतापूर्वक पूर्व किया।
2. दिनांक 9 दिसम्बर, 2021 को उच्चतर शिक्षा निदेशालय पंचकुला ( हरियाणा ) के तत्वावधान में राजकीय महाविद्यालय नलवा ( हिसार ) द्वारा 'वैश्विक पटल पर हिंदी साहित्यः विविध आयाम' विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबसंगोष्ठी में शोध–पत्र प्रस्तुत किया ।
3. जनवरी, 2022 से UGC Care listed 'International Journal of All Research Education & Scientific Methods' पत्रिका में 'पण्डित लखमीचन्द के लोक नाट्यो में लोक संस्कृति' विषय पर शोध–पत्र प्रकाशित करवाया ।
4. दिनांक 7 मार्च, 2022 को श्रीमती अरुणा आसफ अली राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ( कालका ) के Women Studies and Development cell द्वारा 'Women In Leadership : Achieving an Equal Future World' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय वेब संगोष्ठी में प्रतिभागिता की ।
5. दिनांक 20 मार्च, 2022 को स्वामी नितानन्द वाणी प्रचार–प्रसार समिति जटेला धाम, माजरा ( दुबलधन ) जिला झज्जर में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी ( सहभागिता : हरियाणा इतिहास एवं संस्कृति अकादमी, कुरुक्षेत्र ) में स्वामी नितानन्द के काव्य में रस निरूपण' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया ।
6. दिनांक 25–26 मार्च, 2022 को चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय भिवानी द्वारा भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के आलोक में समाज और शिक्षा विषय पर आयोजित दो

दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार में ''हिन्दी का वैश्विक परिदृश्य'' विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया।

7. दिनांक 7 अप्रैल, 2022 को राजकीय कन्या महाविद्यालय रोहतक द्वारा Preparing for a post-covid future विषय पर आयोजित ऑन लाइन राष्ट्रीय वेबिनार में प्रतिभागिता की ।
8. वर्ष 2022 में संत नितानन्द की वाणी : आधुनिक परिदृश्य ' विषय पर रवीना प्रकाशन दिल्ली' से पुस्तक प्रकाशित हुई ।

**डॉ0 सतेन्द्र कुमार, सहायक प्रोफेसर (अंग्रेजी) ने –**

1. दिनांक 17 जुलाई, 2021 को Nesamony Memorial Christian College, Marthandam Kanyakumari, Tamil Nadu द्वारा आयोजित ऑन लाइन वेबिनार में भाग लिया ।
2. दिनांक 27 सितम्बर, 2021 Mudhoji College, Phaltan, Satara (M.S.) द्वारा Cultural Studies: A New Approach to explore Cultures, Cultural Texts and Artifacts" विषय पर आयोजित ऑन लाइन वेबिनार में भाग लिया ।
3. दिनांक 25–26 मार्च, 2022 को Bharat Institute Higher Education and Research (deemed to be University) Chennai द्वारा Academics Publications and Research Funding Opportunities विषय पर आयोजित ऑनलाइन FDP में भाग लिया ।
4. दिनांक 7 अप्रैल, 2022 को राजकीय कन्या महाविद्यालय रोहतक द्वारा 'Preparing Post Covid Future' विषय पर आयोजित ऑनलाइन वेबिनार में भाग लिया ।
5. दिनांक 18–22 अप्रैल, 2022 को Prince Shri Venkateshwara Arts and Science College, Gowarivakkam, Chennai द्वारा 'Emerging Trends and Challenges in Higher Education and Research' विषय पर आयोजित ऑनलाइन FDP में भाग लिया ।
6. दिनांक 12 अप्रैल, 2022 को Intellectual Property Office, Ministry of Commerce and Industry, Govt - Of India द्वारा 'National Intellectual Property Awareness Mission' विषय पर आयोजित ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया ।
7. दिनांक 19 अप्रैल, 2022 को Changu Kana Thakur, Arts, Commerce and Science College New Panvel, Mumbai Intellectual Property Office, Ministry of Commerce and Industry - Govt - of India द्वारा Population , Society Development and Environment sustainability विषय पर आयोजित ऑनलाइन वेबिनार में भाग लिया ।

**डॉ0 सरला देवी, सहायक प्रोफेसर (हिंदी )ने–**

1. दिनांक 31 जुलाई, 2021 को विश्व हिंदी सचिवालय, मॉरीशस एवं सृजन ऑस्ट्रेलिया अंतरराष्ट्रीय ई–पत्रिका के संयुक्त तत्वावधान में ''प्रेमचंद का रचनासंसार : एक पुनर्पाठ'' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय वेब संगोष्ठी में सक्रिय प्रतिभागिता की।
2. दिनांक 14 सितंबर, 2021 को विजय लक्ष्मी फाउंडेशन की ओर से हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार में प्रतिभागिता की।
3. दिनांक 9 दिसंबर, 2021 को उच्चतर शिक्षा निदेशालय, पंचकुला के तत्वावधान में राजकीय महाविद्यालय नलवा (हिसार) द्वारा वैश्विक पटल पर हिंदी साहित्यः विविध आयाम विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबसंगोष्ठी में ''हिंदी भाषा में अनुवाद और संचार का स्वरूप'' विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया।
4. दिनांक 24 दिसंबर, 2021 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में संस्कृत, पालि एवं प्राकृत विभाग द्वारा ''श्रीमद्भगवद्गीतायाः अभिप्रेरणात्मकः पक्षः'' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में 'श्रीमद्भगवद्गीताः विद्यार्थी जीवन के लिए प्रेरक तत्व' विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया।
5. दिनांक 7 मार्च, 2022 को श्रीमती अरुणा आसफ अली राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कालका के Women Studies and Development Cell द्वारा **"Women In Leadership: Achieving and Equal Future World"** विषय पर आयोजित राष्ट्रस्तरीय वेब संगोष्ठी में सक्रिय प्रतिभागिता की।
6. दिनांक 20 मार्च, 2022 को स्वामी नितानंद वाणी प्रचार–प्रसार समिति जटेला धाम, माजरा (दूबलधन) में 'स्वामी नितानंद एवं संत परंपरा के विभिन्न आयाम' विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में ''स्वामी नितानंद की वाणी में वैदिक दर्शन'' विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया।

**डॉ0 सुमन, सहायक प्रोफेसर ( भूगोल ) ने –**

1. दिनांक 04 जुलाई, 2021 को महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय रोहतक द्वारा आयोजित "Meaning of Post colonialism" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्र स्तरीय ऑन लाइन वेबिनार में भाग लिया।
2. दिनांक 07 जुलाई, 2021 को SC/BC Cell, All India Jat Heroes Memorial College, रोहतक द्वारा आयोजित **'Dalit Literature: Past, Present and Future'** विषय पर एक दिवसीय राष्ट्र स्तरीय ऑन लाइन वेबिनार में भाग लिया।
3. दिनांक 25 जुलाई, 2021 को Netra Institute of Geo-informatics & Technologies Foundation Dwarka New Delhi तथा हरद्वारी लाल गोयल राजकीय महाविद्यालय तावडू के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित "GIS Applications and Career Opportunities" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्र स्तरीय ऑन लाइन वेबिनार में भाग लिया।

4. दिनांक 15  जनवरी, 2022 को भूगोल विभाग तथा IQAC] New Arts Commerce And Science College, शेवगाँव अहमदनगर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित “Recent Trends & Development in Geography and Career Opportunities” विषय पर एक दिवसीय राष्ट्र स्तरीय ऑन लाइन वेबिनार में भाग लिया।
5. दिनांक 7 से 12 मार्च के दौरान Institute of Business Management तथा Centre of Spirituality and Wisdom के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ऑन लाइन Faculty Development Program- “Driving Success through Happiness" में भाग लिया।
6. दिनांक 24 मार्च, 2022 को भूगोल विभाग, चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय (CBLU), भिवानी तथा Indian Chapter of International Association of Hydrologists के संयुक्त तत्वावधान में "Groundwater-Making the Invisible Visible" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार में भाग लिया।
7. दिनांक 19 अप्रैल, 2022 को चांगू काना ठाकुर कला, वाणिज्य, विज्ञान महाविद्यालय, नवीन पनवेल, मुंबई द्वारा आयोजित "जनसंख्या, समाज, विकास तथा पर्यावरणीय संपोषणीय" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्र स्तरीय ऑन लाइन वेबिनार में भाग लिया।
8. दिनांक 24 अप्रैल 2022 को Science Society and IQAC राजकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय रोहतक द्वारा ‘World Health Day’ विषय पर अयोजित एक दिवसीय राष्ट्र स्तरीय ऑन लाइन वेबिनार में भाग लिया।

**डॉ0 सोमवीर, सहायक प्रोफेसर ( भूगोल ) ने –**

1. दिनांक 11 नवम्बर, 2021 हरियाणा बटालियन एन०सी०सी० रोहतक द्वारा आयोजित ए.टी.सी –158 में भाग लिया।
2. दिनांक 12 फरवरी, 2022 को पं. नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में आयोजित एक दिवसीय Multi-disciplinary सेमिनार में शोध पत्र प्रस्तुत किया गया।
3. दिनांक 2 अप्रैल 2022 को South Asian Institute for Advance Research and Development, एवं SAARC Cultural Centre Sri Lanka के संयुक्त तत्वाधान मे “Relevance and Restoration of riverine Heritage a symbol of cultural identity” विषय पर आयोजित ऑन लाइन International Brainstorming कार्यक्रम में भाग लिया।
4. दिनांक 7–12 मार्च, 2022 तक GLA यूनिवर्सिटी, मथुरा द्वारा आयोजित ऑनलाइन FDP में भाग लिया ।

**कुमारी पूनम, Extension Lecturer (भूगोल ) ने –**

1. दिनांक 20 मार्च, 2022 को स्वामी नितानंद वाणी प्रचार–प्रसार समिति जटेला धाम, माजरा (दूबलधन) में 'स्वामी नितानंद एवं संत परंपरा के विभिन्न आयाम' विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में ''स्वामी नितानंद की वाणी में वैदिक दर्शन'' विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया।

**डॉ0 रेखा, Extension Lecturer (भूगोल ) ने –**

1. दिनांक 17 जुलाई, 2021 को MPM government first grade college of Karnataka द्वारा the visible and hidden aspects of SARS CoV2 (Covid- 19) virus pathogenesis" विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय एकदिवसीय वेबिनार में भाग लिया।
2. दिनांक 22–23 जुलाई, 2021 को SRM Institute of Science and Technology, Ramapuram Campus Chennai के अंग्रेजी विभाग द्वारा "Research for Excellence" विषय पर आयोजित दो दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला में भाग लिया।
3. अक्टूबर, 2021 में Association of Punjab Geographer journal में "Socio-Economic Structure of chura Community in Rural Haryana: A case study of Jhajjar district" विषय पर शोध–पत्र प्रकाशित हुआ।
4. दिनांक 10–12 सितंबर, 2021 को आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय पटना (बिहार) द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ऑनलाइन संगोष्ठी में "Clan wise Occupational Structure of Chura caste in Haryana:A case study of Jhajjar district" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
5. 4 दिसंबर, 2021 में journal of National association of Geographer, (Print Publication Private Limited, Delhi) में "Rural Dwellings and House types of chura caste in Jhajjar district: A Clan wise analysis" विषय पर एक शोध पत्र प्रकाशित हुआ।
6. दिनांक 7 अप्रैल, 2022 को राजकीय महाविद्यालय रोहतक द्वारा "Preparing for a post Covid Future" विषय पर आयोजित ऑनलाइन राष्ट्रीय वेबिनार में भाग लिया।

## महाविद्यालय की आवश्यकताएं

ग्रामीण परिवेश में स्थित इस महाविद्यालय की आवश्यकताएं इस प्रकार हैं–

1. महाविद्यालय में नियमित रूप से बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित करवाई जाए।

2. महाविद्यालय में भूगोल विभाग में L.A.के पद स्वीकृत कर के नियमित स्टाफ भेजा जाए।

3. महाविद्यालय में रिक्त पद पर नियमित पुस्तकालयाध्यक्ष भेजा जाए।

4. महाविद्यालय में रिक्त पदों पर नियमित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भेजे जाएं।

5. महाविद्यालय में कला संकाय के अतिरिक्त वाणिज्य संकाय तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं की भी व्यवस्था की जाए।

## आभार अभिव्यक्ति

मैं आयुक्त एवं सचिव, शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार निदेशक उच्चतर शिक्षा, हरियाणा, उपायुक्त, झज्जर एवं जिला प्रशासन के अन्य अधिकारीगण, गांव दूबलधन एवं समीपवर्ती गांवों के पंच–सरपंचों व गांववासियों का आभार व्यक्त करती हूं, जिन्होंने इस महाविद्यालय के विकास, प्रगति व कार्य–संचालन में सहयोग दिया।

मैं महाविद्यालय के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों का आभार व्यक्त करती हूं, जिन्होंने सौंपे गए सभी कार्यों को निष्ठापूर्वक सम्पन्न किया।

मैं अपने महाविद्यालय की सहायक प्रोफेसर (हिंदी) डॉ0 सरला देवी का विशेष धन्यवाद करती हूं, जिनके अथक प्रयास से इस प्रतिवेदन का आलेख तथा प्रकाशन समय पर सम्भव हो सका।

मैं अपने प्रिय विद्यार्थियों को विशेष रूप से शुभकामनाएं देती हूं कि ये आने वाली विश्वविद्यालय की परीक्षाओं तथा जीवन में सफलता प्राप्त करें। मुझे अपने विद्यार्थियों पर गर्व है, जिन्होंने महाविद्यालय में पठन एवं पाठ्येतर गतिविधियों में बढ़–चढ़कर भाग लिया तथा महाविद्यालय का नाम रोशन किया। मुझे आशा व विश्वास है कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार महाविद्यालय का मान–सम्मान बढ़ायेंगे।

धन्यवाद!

प्राचार्या

डॉ0 मीनाक्षी गुप्ता, एच0ई0एस0–1
राजकीय महाविद्यालय दूबलधन
(झज्जर)।